भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न सं. 3006**
सोमवार, 15 मार्च, 2021/24 फाल्गुन, 1942 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**चंदेरी, शिवपुरी और गुना का विकास**

**3006. श्री कृष्णपालसिंह यादवः**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का देश में ऐतिहासिक महत्व वाले विभिन्न स्थलों और भवनों का पर्यटन हेतु पुनरुद्धार करके उनका विकास करने का प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो उक्त की क्या रूपरेखा है तथा मध्य प्रदेश में इसके अन्तर्गत किन क्षेत्रों को शामिल किया जाना है;

(ग) क्या चंदेरी, शिवपुरी और गुना का पर्यटन स्थल के रूप में विकास करने का प्रस्ताव है और जो प्राकृतिक सुंदरता और ऐतिहासिक महत्व वाले क्षेत्र हैं; और

(घ) क्या चंदेरी, शिवपुरी और गुना में ऐतिहासिक महत्व वाले भवनों, स्थानों, बावड़ियों आदि का पुनरुद्धार कार्य करने का कोई प्रस्ताव है?

**उत्तर**

**पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)** **(श्री प्रहलाद सिंह पटेल)**

(क) से (घ): पर्यटन का विकास और संवर्धन मुख्य रूप से राज्य सरकार की जिम्मेदारी है।

पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन' और 'तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) संबंधी राष्ट्रीय मिशन' नामक योजनाओं के अंतर्गत राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र (यूटी) प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों के परामर्श से देश में पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान करता है। निधियों की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्ट की प्रस्तुति, योजना दिशा निर्देशों के अनुपालन और पहले जारी की गई निधियों की उपयोगिता आदि की शर्त पर इन परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की जाती है। इन योजनाओं के अंतर्गत परियोजनाओं की स्वीकृति एक सतत प्रक्रिया है तथापि वर्तमान में स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत नई परियोजनाओं की स्वीकृति के लिए कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन योजना के भाग के रूप में विरासत थीम के अंतर्गत वर्ष 2016-17 में 'ग्वालियर- ओरछा- खजुराहो- चंदेरी- भीमबेटका- मांडू के विकास' की एक परियोजना को स्वीकृति दी है जिसके घटकों में किला कोठी के समीप पर्यटक सुविधा केंद्र, बैजू बावरा समाधि के पास पर्यटक सुविधाएं एवं स्थल विकास, चंदेरी में चकला बावरी, दिल्ली दरवाजा, धौलिया दरवाजा आदि शामिल है।

'स्वदेश दर्शन' तथा 'प्रशाद' योजनाओं के अंतर्गत मध्य प्रदेश में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

*****

**अनुबंध**

चंदेरी, शिवपुरी और गुना का विकास के संबंध में दिनांक 15.03.2021 के लोक सभा लिखित प्रश्न सं. 3006 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में विवरण

**मध्य प्रदेश में स्वदेश दर्शन और प्रशाद योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोनाओं का ब्यौरा**

| **क्र. सं.** | **परिपथ** | **स्वीकृति वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि करोड़ रु. में** |
|---|---|---|---|---|
| **स्वदेश दर्शन योजना** | | | | |
| 1. | वन्यजीव परिपथ | 2015-16 | पन्ना - मुकुंदपुर- संजय- डुबरी-बांधवगढ़- कान्हा- मुक्की- पेंच में वन्यजीव परिपथ का विकास | 92.22 |
| 2. | बौद्ध परिपथ | 2016-17 | सांची-सतना-रीवा-मंदसौर-धार का विकास | 74.02 |
| 3. | विरासत परिपथ | 2016-17 | ग्वालियर - ओरछा - खजुराहो - चंदेरी - भीमबेटका - मांडू का विकास | 89.82 |
| 4. | ईको परिपथ | 2017-18 | गांधीसागर बांध - मंडलेश्वर बांध- ओंकारेश्वर बांध- इंदिरा सागर बांध- तवा बांध- बरगी बांध- भेड़ा घाट- बाणसागर बांध- केन नदी का विकास | 94.61 |
| **प्रशाद योजना** | | | | |
| 5. | 2017-18 | | ओंकारेश्वर का विकास | 44.83 |
| 6. | 2020-21 | | अमरकंटक का विकास | 49.99 |

********